आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 04.06.2024
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- लोकसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन– एन०डी०ए को स्पष्ट बहुमत मिलता नज़र आ रहा है। मतगणना अब भी जारी।
- उत्तराखण्ड की सभी पांच लोकसभा सीट पर भारतीय जनता पार्टी ने जीत दर्ज की।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा– चुनावों में एन.डी.ए को मिलता बहुमत केंद्र सरकार की नीतियों का परिणाम।
- प्रदेश के अनेक हिस्सों में अगले 36 घण्टों में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना।

रूझान

लोकसभा चुनाव के रूझानों में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन– एन०डी०ए को बहुमत मिलता नज़र आ रहा है। एनड़ीए गठबंधन दो सौ नवासी सीटों पर आगे चल रहा है। इसमें भाजपा को दो सौ तेरालिस सीटें मिलती नज़र आ रही हैं। समाचार लिखे जाने तक भारतीय जनता पार्टी ने ............. सीटें जीत ली हैं। कांग्रेस ........ सीटों पर जीत के साथ दूसरी सबसे बड़ी पार्टी के रूप में सामने आई है। वहीं, इंडी गठबंधन को रूझानों में दो सौ पैंतीस सीट मिल रही हैं। साथ ही अन्य पार्टियों को 19 सीट मिलती नज़र आ रही हैं।

लोकसभा उत्तराखंड

भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश की पांचों लोकसभा सीटें जीत ली हैं। लगातार तीसरी बार भाजपा ने प्रदेश में क्लीन स्वीप किया है। इससे पहले 2014 व 2019 में भी भाजपा ने सभी पांचों सीटें जीती थी। नैनीताल–उधमसिंहनगर सीट से भाजपा प्रत्याशी केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजट भट्ट ने सबसे बड़े अंतर से जीत हासिल की है। उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी को तीन लाख चौंतीस हजार से अधिक मतों के अंतर से हराया। इसके साथ ही टिहरी गढ़वाल से माला राज्य लक्ष्मी शाह, गढ़वाल से अनिल बलूनी, अल्मोड़ा से अजय टम्टा और हरिद्वार से त्रिवेन्द्र सिंह रावत विजयी हुए हैं।

चुनाव परिणाम –टिहरी

टिहरी गढ़वाल लोकसभा सीट में भाजपा प्रत्याशी माला राज्य लक्ष्मी शाह ने कांग्रेस प्रत्याशी जोत सिंह गुनसोला को दो लाख 66 हजार से ज्यादा मतों से हराया। माला राज्य लक्ष्मी शाह को 53 दशमलव सात–नौ प्रतिशत मतों के साथ चार लाख 53 हजार मत मिले। दूसरे स्थान पर रहे जोत सिंह गुनसोला को एक लाख 86 हजार से अधिक मत तथा तीसरे स्थान पर रहे निर्दलीय प्रत्याशी बॉबी पंवार को एक लाख 61 हजार मत मिले। शेष आठ में से कोई भी प्रत्याशी 2 प्रतिशत से अधिक मत हासिल नहीं कर सका।

चुनाव परिणाम – गढवाल

वहीं, गढ़वाल लोकसभा सीट में भाजपा प्रत्याशी अनिल बलूनी ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी कांग्रेस प्रत्याशी गणेश गोदियाल को हराया। अनिल बलूनी को सवा चार लाख से ज्यादा मत मिले, जो कुल मतदान का 58 प्रतिशत रहा। दूसरे स्थान पर रहे गणेश गोदियाल को 36 प्रतिशत मतों के साथ दो लाख 61 हजार मत

मिले। गढ़वाल सीट से 13 प्रत्याशी चुनावी मैदान में थे। अन्य 11 प्रत्याशियों में से कोई भी प्रत्याशी एक प्रतिशत भी मत प्राप्त नहीं कर सका।

## चुनाव परिणाम –अल्मोड़ा

अल्मोड़ा लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी अजय टम्टा विजयी रहे। उन्हें 64 प्रतिशत के साथ चार लाख सोलह हजार मत हासिल हुए। दूसरे स्थान पर कांग्रेस के प्रदीप टम्टा रहे। उन्हें 29 प्रतिशत के साथ एक लाख नब्बे हजार मत मिले। अल्मोड़ा में तीसरे स्थान पर बहुजन समाज पार्टी के नारायण राम रहे, उन्हें एक दशमलव पांच–एक प्रतिशत मत मिले। अल्मोड़ा लोकसभा सीट में मतदाताओं ने काफी अधिक संख्या में नोटा को वोट किया। यहां दो दशमलव पांच–छह प्रतिशत मतों के साथ 16 हजार पांच सौ से अधिक वोट नोटा को पड़े।

## चुनाव परिणाम – नैनीताल ऊधमसिंह नगर

नैनीताल–ऊधमसिंह नगर सीट में केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजट भट्ट विजयी रहे। उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी को तीन लाख 34 हजार पांच सौ 48 मतों से हराया। 61 प्रतिशल मत के साथ अजय भट्ट को सात लाख 72 हजार मत हासिल हुए। दूसरे स्थान पर रहे प्रकाश जोशी को चार लाख 38 हजार मत तथा तीसरे स्थान पर रहे बहुजन समाज पार्टी के अख्तर अली को 23 हजार चार सौ पच्चपन मत मिले।

## चुनाव परिणाम –हरिद्वार

हरिद्वार लोकसभा सीट में भाजपा प्रत्याशी त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने 50 दशमलव एक–तीन प्रतिशत मतों के साथ  छह लाख सैंतालीस हजार 353 मत हासिल किए। उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी वीरेन्द्र रावत को करीब डेढ़ लाख से अधिक मतों से हराया। वीरेन्द्र रावत को करीब चार लाख 86 हजार मत मिले। तीसरे स्थान पर रहे निर्दलीय प्रत्याशी उमेश कुमार को करीब नवासी हजार मत हासिल हुए।

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने अपने कार्यकाल में गरीब कल्याण और युवाओं के लिए अनेकों योजनाएं लाई। उन्होंने कहा कि भाजपा के कार्यकाल में सभी वर्गों को आगे आने का अवसर मिला और इसी का परिणाम है कि इन चुनावों में भी एन.डी.ए को बहुमत मिलता नज़र आ रहा है।

## लोकनिर्णय

आकाशवाणी समाचार ने मतगणना की पल–पल की जानकारी देने के लिए व्यापक प्रबंध किये हैं। आज 15 घंटे का हिन्दी और अंग्रेजी में विशेष कार्यक्रम लोकनिर्णय 2024 रात दस बजे तक प्रसारित किया जा रहा है। इसमें देशभर से आकाशवाणी संवाददाता ताजा जानकारी दे रहे हैं। कार्यक्रम में रूझानों और परिणामों के बारे में विशेषज्ञों तथा विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं से चर्चाएं भी होंगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी एफ एम गोल्ड के साथ अन्य चैनलों और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है।

## उत्तराखंड नोटा

उत्तराखंड में लोकसभा चुनाव में कई लोगों ने नोटा का बटन दबाया है। दो लोकसभा सीटों अल्मोड़ा व गढ़वाल में नोटा तीसरे स्थान पर रहा है। अल्मोड़ा में 2 दशमलव पांच–छह प्रतिशत मतदाताओं ने नोटा को चुना। ऐसे मतदाताओं की संख्या 16 हजार छह सौ से अधिक रही है। अल्मोड़ा में शेष 5 प्रत्याशियों को

नोटा से कम ही वोट मिल सके। यही स्थिति गढ़वाल लोकसभा सीट की भी रही। यहां पहले स्थान पर अनिल बलूनी और दूसरे स्थान पर गणेश गोदियाल रहे तो नोटा को तीसरा स्थान हासिल हुआ। नोटा को 1 दशमलव पांच–छह प्रतिशत के साथ 11 हजार एक सौ चालीस मत प्राप्त हुए। इसके अलावा नोटा को टिहरी गढ़वाल में 7 हजार दो सौ, नैनीताल–उधमसिंहनगर में 10 हजार और हरिद्वार में साढ़े छह हजार से अधिक मत हासिल हुए।

भाजपा जश्न

लोकसभा चुनाव में उत्तराखंड में भाजपा के सभी पांचों प्रत्याशियों की जीत पर प्रदेश भाजपा मुख्यालय में जश्न मनाया गया। कार्यकर्ताओं ने ढोल–नगाड़ों की थाप पर नृत्य किया और मिठाई बांटीं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट समेत पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने इस ऐतिहासिक जीत के लिए सभी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों का आभार प्रकट किया।

सुरक्षा व्यवस्था

लोकसभा चुनाव की मतगणना के लिए प्रदेश में व्यापक प्रबंध किये गये थे। आज सुबह आठ बजे से मतगणना की प्रक्रिया शुरू हुई। इससे पहले, स्ट्रांग रूम खोलते समय सभी प्रक्रियाओं की वीडियोग्राफी की गई। निर्वाचन आयोग द्वारा मतगणना की सभी प्रक्रियाओं में निगरानी रखने के लिए प्रदेश में 27 ऑब्जर्वर की तैनाती की थी। गौरतलब है कि पूरे प्रदेश में ईवीएम काउंटिंग के लिए 884 टेबल लगाई गई। प्रत्येक टेबल पर तीन कार्मिक तैनात किए गए, जिसमें एक काउंटिंग सुपरवाइजर, काउंटिंग असिस्टेंट और माइक्रो आब्जर्वर हैं। मतगणना स्थल पर विद्युत, पेयजल, खानपान और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष अधिकारी तैनात किए गए थे। गौरतलब है कि इस बार के लोकसभा चुनाव में प्रदेश की पांचों सीट पर कुल 47 लाख 72 हजार मत पड़े थे।

सहकारिता परीक्षा

उत्तराखंड सहकारिता विभाग 21 से 23 जून तक जिला सहकारी बैंकों में विभिन्न पदों के लिए परीक्षा आयोजित करने की तैयारी कर रहा है। यह परीक्षा बैंकिंग कार्मिक चयन संस्थान यानी आईबीपीएस कराएगा। यह परीक्षा 233 पदों के लिए आयोजित की जाएगी। परीक्षा में प्रदेश के 21 हजार 782 युवा भाग लेंगे। परीक्षा के लिए आईबीपीएस ने विभिन्न शहरों में परीक्षा केंद्र स्थापित किए हैं। देहरादून, हल्द्वानी, रुड़की, लखनऊ, मेरठ और नई दिल्ली में यह परीक्षा आयोजित होगी। सहकारिता मंत्री डा. धन सिंह रावत के मुताबिक को–ऑपरेटिव बैंकों में क्लर्क, मैनेजर की परीक्षा आईबीपीएस के माध्यम से कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि को–ऑपरेटिव बैंकों की सफलता को आगे बढ़ाने और क्षेत्र की अर्थव्यवस्था के समग्र विकास में योगदान देने के लिए दक्ष युवाओं का चयन करना जरूरी है।

मौसम

प्रदेश के अनेक हिस्सों में अगले 36 घण्टों में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग ने इस अवधि के लिए राज्य के विभिन्न हिस्सों में बारिश के साथ आंधी का येलो अलर्ट जारी किया है। इस बीच, प्रदेश में आज मौसम का मिला जुला असर देखने को मिला। राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों में आंशिक से आमतौर पर बादल छाए हैं, जबकि मैदानी क्षेत्रों में धूप खिली है। इस दौरान पर्वतीय अंचल में कहीं–कहीं बारिश होने की भी ख़बर है। राज्य में तापमान सामान्य से ऊपर बना हुआ है। पिछले चौबीस घण्टों में राज्य में अधिकतम तापमान रुड़की में 41 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

केदारनाथ यात्रा

केदारनाथ धाम की यात्रा के लिए आ रहे तीर्थयात्रियों के बेहतर स्वास्थ्य सुविधांए उपलब्ध कराने के लिए प्रशासन स्तर पर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग की ओर से सोनप्रयाग से लेकर केदारनाथ धाम और यात्रा मार्ग के विभिन्न पडावों पर स्वास्थ्य केंद्र खोले गए हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर एच०सी०एस मर्तोलिया ने बताया कि आज ओपीडी के माध्यम से 2 हजार 280 तीर्थ यात्रियों का उपचार किया गया। अब तक ओपीडी और आपतकालीन सेवा के जरिए 62 हजार 393 श्रद्धालुओं का उपचार किया जा चुका है।

हरिद्वार नक्शा

हरिद्वार–रुड़की विकास प्राधिकरण में अब ईडब्ल्यूएस, दिव्यांग और बीपीएल वर्ग के लोगों के घर का नक्शा निःशुल्क पास कराया जाएगा। निजी आर्किटेक्ट भी इसके लिए कोई फीस नहीं लेंगे। हरिद्वार–रुड़की विकास प्राधिकरण की बैठक में यह निर्णय लिया गया है। इसके साथ ही निशुल्क मानचित्र पास किए जाने की योजना को लेकर प्राधिकरण और हरिद्वार–रुड़की इंजीनियर आर्किटेक्ट एसोसिएशन के बीच चल रहा गतिरोध समाप्त हो गया।

दुर्घटना

रुद्रप्रयाग जिले के गुप्तकाशी के पास केदरनाथ यात्रा मार्ग पर एक दुपहिया वाहन के गिरने से उसमें सवार दो युवकों की मृत्यु हो गई। दुर्घटना की सूचना पर राज्य आपदा मोचन बल के दल ने घटनास्थल पर पहुंचकर अभियान चलाया और शवों को खाई से बाहर निकाला। वहीं, कल रात उत्तरकाशी जिले में गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर सुनगर के पास पहाड़ी से पत्थर के एक वाहन के ऊपर गिरने से उसमें सवार एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई। वाहन में सवार अन्य सात यात्री सुरक्षित हैं।

टीएचडीसी प्रमाणपत्र

टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड को ग्रेट प्लेस टू वर्क प्रमाणपत्र हासिल हुआ है। यह प्रमाण पत्र ग्रेट प्लेस टू वर्क इंडिया द्वारा दिया जाता है। टीएचडीसी–आईएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक आरके बिश्नोई ने कहा कि सकारात्मक और समावेशी कार्यसंस्कृति को बढ़ावा देने के लिए यह उपलब्धि हासिल हुई है। उन्होंने कहा कि टीएचडीसी न केवल ऊर्जा क्षेत्र में अग्रणी होते हुए अपनी स्थिति को मजबूत करती है, बल्कि अपने मानव संसाधन मानकों को भी ऊंचाई पर रखती है।

पासिंग आउट परेड

अग्निवीर रंगरूटों के तीसरे बैच के लिए प्रभावशाली पासिंग आउट परेड आज बीईजी एंड सेंटर, रुड़की में आयोजित की गई। 31 सप्ताह के कड़े प्रशिक्षण के बाद 515 अग्निवीर पास आउट होकर भरतीय सेना का अंग बन गए हैं।

अग्नि सुरक्षा मानक

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने अस्पतालों में विनियामक दिशा –निर्देशों तथा अग्नि सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन करने की आवश्यकता पर फिर जोर दिया है। मंत्रालय ने कहा है कि सभी स्वास्थ्य केंद्रों में मरीजों, कर्मचारियों और आगंतुकों की सुरक्षा और कल्याण सबसे महत्वपूर्ण है। हाल ही में कुछ जगहों में आग लगने की घटनाएं सामने आयी हैं। मंत्रालय ने कहा कि ये घटनाएं इलेक्ट्रिकल उपकरणों के सही रखरखाव न होने और एयर कंडीशनर तथा अन्य उपकरणों के इस्तेमाल से बिजली की लाइनों पर ओवरलोड के कारण हुईं।